**Title:** Need to provide adequate funds to Government of Gujarat for providing incessant supply of water to industries in industrial area of Badodara, Gujarat.

**श्रीमती जयाबहन बी. ठक्कर (वडोदरा):** सभापति महोदय, बडोदरा गुजरात में 70 कि.मी. की पट्टी शुरू होती है जिसे गुजरात का औद्योगिक क्षेत्र कहा जाता है। इसमें अधिकांश रासायनिक कारखाने हैं। इस औद्योगिक क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपए की पूंजी लगी है। राज्य या केन्द्र सरकार इन कारखानों पर गर्व करती है। इन्हें हटाया या बंद नहीं क्या जा सकता है। इनको सुचारू रूप से चलाने में काफी अधिक पानी की जरूरत पड़ती है। जमीन से हर रोज करोड़ों लीटर पानी इन कारखानों के लिए निकाला जाता है। इन कारखानों को चलाने के लिए अभी तक पानी का कोई विकल्प नहीं ढूंढा जा सका है। ऐसे में (सूखाग्रस्त परिस्थिति में) जलस्तर का लगातार निचे गिरते-गिरते शून्य तक पहुंच जाना निश्चित है।

अत: केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्र को जीवित रखने हेतु अन्य जल विकल्प का प्रबन्ध करें। इसके लिए या तो केन्द्र सरकार कोई योजना तैयार करे अथवा राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराए ताकि कारखानों को बंद होने से बचाया जा सके।